Regarding need to establish a Potato Development Board

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद) : माननीय सभापति जी, मेरे लोकसभा क्षेत्र फर्रूखाबाद और इसके आसपास के कई लोकसभा क्षेत्रों एवं देश के कई प्रांतों में आलू का उत्पादन होता है । आलू को सब्जियों का राजा भी कहा जाता है । आलू एक ऐसी सब्जी है जिसका पूरे देश में 365 दिन सब्जी के रूप में उपयोग किया जाता है । यदि आलू का उत्पादन कम हो जाए तो देश में अन्य सब्जियों के दाम आसमान छूने लगते हैं । मैं स्वयं आलू किसान हूं इसलिए मैं भलीभांति जानता हूं कि किसानों को कभी-कभी आलू का लाभकारी मूल्य नहीं मिलने के कारण हालत खराब हो जाती है । यहां तक कि किसानों के बेटे-बेटियों की शादी, बच्चों की पढ़ाई और अन्य सामाजिक कार्य व्यवस्थित तरीके से नहीं हो पाते हैं ।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मसाला बोर्ड की स्थापना करने से मसाला उत्पादक किसानों की दशा में सुधार हुआ है । इसी प्रकार जूट बोर्ड, टी बोर्ड बनाया गया है और हाल ही में मखाना बोर्ड की स्थापना करने से मखाना उत्पादक किसानों को लाभकारी मूल्य मिल रहा है ।

17.00 hrs

माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय कृषि मंत्री जी से निवेदन है कि इसी तरह आलू विकास बोर्ड की स्थापना करने का कष्ट करें । आलू विकास बोर्ड के गठन से भारत के आलू प्रसंस्करण उद्योग का भी समग्र विकास होगा तथा क्षेत्र की आलू की गुणवत्ता में भी सुधार होगा । इसके साथ-साथ आलू के उत्पादक किसानों की आर्थिक स्थिति में भी व्यापक सुधार होगा एवं आलू आधारित उद्योगों का भी काफी आर्थिक लाभ होगा, जिससे हमारे देश के किसान खुशहाल हो सकेंगे ।